अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में चल रहा जिला स्तरीय यूथ रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक यूथ रैड क्रॉस और इंडियन रैड क्रॉस हरियाणा शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में पाँच दिवसीय जिला स्तरीय रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर जो 16 दिसम्बर 2019 से 20 दिसम्बर 2019 तक चलेगा, के आज तीसरे दिन शिविर की शुरुआत आज भी योग से हुई, योग प्रशिक्षक श्याम सिंह जी ने विभिन्न योग क्रियाओं के माध्यम से स्वस्थ रहने का मंत्र बताया और विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास भी कराया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि स्वस्थ युवा ही स्वर्णिम भारत के निर्माण में योगदान कर सकता है। गौरतलब है कि शिविर में 53 स्वयंसेवक व 7 काउंसलर भाग ले रहे हैं। जिला रैड क्रॉस शाखा फरीदाबाद से आए प्रशिक्षक श्री सुशील कुमार जी ने स्वयंसेवकों को एच.आई.वी. एड्स के कारण, बचाव व समाज में फैली हुई भ्रांतियों से अवगत कराया वहीं श्री जगत सिंह तेवतिया जी ने नशाखोरी जैसी भयानक बुराई से स्वयंसेवकों को अवगत कराया व नशे से होने वाली धन, तन व समाज में होने वाली क्षति के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया (एन.जी.ओ.) द्वारा रक्त जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसका आयोजन प्रधान श्री हरीश रत्रा, महासचिव श्री रविन्द्र डुडेजा द्वारा किया गया। इस जागरूकता शिविर के आयोजन के पीछे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त जी का लक्ष्य महाविद्यालय को स्वस्थ रखने का है। श्री विपुल शर्मा जी ने दिव्यांगों को बाँटे जाने वाले उपकरणों की जानकारी दी। शिविर प्रशिक्षक श्री दर्शन भाटिया जी व श्रीमती गीता बाला जी ने जलने व हड्डियों के टूटने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इस अवसर पर शिविर समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह व काउंसलर श्री सुभाष, लवकेश व डॉ. राकेश पाठक भी उपस्थित रहे।